## खबर संक्षेप

### ट्राले में लगी आग को देख नगर में मचा हड़कंप



**भुआबिछिया।** रायपुर से जबलपुर मार्ग पर बिछिया से गुडली बीच साम पांच से छह बजे एक 18 चका ट्रक के ट्राले क्रमांक आर जे 50 जीबी 1539 में आग लगी देख बिछिया नगर के लोगों में हड़कंप मच गई आनन फानन में फायर ब्रिगेड और पुलिस थाना फोन कर जानकारी दी गई पश्चात ट्रक को भुआ स्कूल के पास वार्ड न. 15 में रोक कर फायर ब्रिगेड से आग बुझाई गई संपूर्ण आग बुझने के पश्चात पुलिस ने ट्रक को बिछिया थाने में खड़ा कर दिया गया है। ट्रक में लगी आग के दौरान फायर ब्रिग्रेट पुलिस की गाड़ी ओर दर्शक ट्रक के आगे पीछे चल रहे थे शहर के बाहर निकलते ही ट्रक रोक कर आग बुझाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोगों ने बताया कि ट्रक 18 चका रायपुर की ओर से आ रहा था भुआ स्कूल में जब आग बुझाई जा रही थी उस दौरान ट्रक में डोडा नाम का कोई नशीले पदार्थ के छिलके लदे हुए थे जिससे आग शीघ्रता से लगी थी। अगर शीघ्र आग पर काबू में नहीं पाया गया होता तो निश्चित रूप से कोई बड़ी घटना घट सकती थी। बिछिया पुलिस ने मामला को विवेचना में लिया है और सूक्ष्मता से सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 10 जनवरी को पीएम जनमन योजना की बैठक लेंगे

**मण्डला।** प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 10 जनवरी को प्रातः 8 बजे जबलपुर से मंडला के लिए प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे सर्किटहाउस मंडला आगमन करेंगे। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह प्रातः 11 बजे से दोप. 3 बजे तक पीएम जनमन योजनांतर्गत मंडला, डिंडौरी, जबलपुर और कटनी जिलों की समीक्षा बैठक लेंगे।

## पीएचई मंत्री के गृह जिले में विभाग की बड़ी लापरवाही

# मवईवासियों को नहीं मिल सका नल से जल

*** करोड़ों खर्च होने का बाद भी परिणाम सिफर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई

जल जीवन मिशन भारत सरकार का एक प्रमुख योजना है। जो माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त, 2019 को शुरू किया गया था।जल जीवन मिशन का लक्ष्य 2024 तक ग्रामीण भारत के सभी घरों में व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना था लेकिन करोड़ों रुपए बरबाद करने के बाद भी मवई मुख्यालय के ग्रामीण आज भी नल जल योजना की एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे है।

जनपद मुख्यालय मवई जहां विगत लगभग 5-6 वर्षों से नल जल योजना पूर्णतः ठप पड़ी है जो अनेकों शिकायत एवं गुहार लगाने के बाद भी नहीं सुधार सकी फिर विगत वर्ष मवई मुख्यालय में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों की लागत से नवीन टंकी, पाइपलाइन एवं बोर निर्माण हुआ जिससे लोगों में आस जागी की अब पेयजल संकट समाप्त हो जाएगा और घर घर नल से जल पहुंचेगा इस आने वाले गर्मी के दिनों में जल समस्या से नहीं झूझना पड़ेगा लेकिन ऐसा कुछ समाधान होते नहीं दिख रहा जिम्मेदार मोन धारण किए हुए बैठे है और आज भी घरों में नल से जल पहुंचना एक सपना ही बन कर रह गया



### जगह जगह पाइप लाइने टूटी

जिम्मेदार शासकीय अमले की निगरानी इतनी ज्यादा गुणवत्ताहीन कार्य हुआ है कि नल जल सेवा सुचारू रूप से प्रारंभ होने के पूर्व ही जगह जगह पाइप लाइन टूटी होने की समस्या सामने आने लगी यदि कभी किसी हिस्से में पानी की सप्लाई चालू की जाती है तो इन टूटी पाइप लाइन से सड़क पर पानी बहता रहता है लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

मुख्यालय मवई के अनेकों मोहल्ले पर पाइप लाइन तो बिछा दी गई किंतु न तो उनसे घरों पर कनेक्शन दिया न ही आज तक उन पाइप लाइन को मुख्य पाइप लाइन से नहीं जोड़ा गया इस तरह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में केंद्र की महत्वकांक्षी योजना सिर्फ कागजों में ही सीमित रह गई।

### हैंड पंपों से हो रही जल आपूर्ति

मुख्यालय मवई में जल आपूर्ति हेतु आम जन केवल शासकीय हैंडपंपों में निर्भर है ग्राम में शासकीय हैंड पंपों की संख्या भी बहुत कम है एक हैंडपंप से दूसरे हैंडपंप की दूरी लगभग 300 मीटर है ऐसे में लोगों को जल आपूर्ति के लिए खासी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है।

जनपद मुख्यालय मवई जहां पंचायत विभाग के प्रमुख मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैठते जिनका मुख्य कार्य शासन की योजना के तहत मिलने वाली आम जनों मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देते हुए आवश्यक व्यवस्था जल आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन का लाभ आम जन को मिल सके किंतु इसके विपरीत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मवई को आम जन की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है न ही शासन की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन कोई विशेष रुचि दिखा रहे है ठीक इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) का भी कार्यालय है जहां एस डी ओ एवं उपयंत्री पदस्त है पी एच ई मवई के अधिकारी कर्मचारियों का जहां कार्यालय है जहां से सम्पूर्ण विकासखंड की गतिविधियों का संचालन किया जाता है वही जल जीवन मिशन के तहत तैयार सिस्टम फैल हो गया पी एच ई विभाग के लिए इससे बड़ी कोई नाकामी नहीं हो सकती।

### इनका कहना है:-

*मवई मुख्यालय सहित सम्पूर्ण विकास खंड क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई प्रदेश सरकार में पीएचई मंत्री महोदया के ग्रह जिले ये हाल बहुत दुर्भाग्य पूर्ण है।*

***-बोधू सिंह मरावी,***
**विधायक प्रतिनिधि**

*शासन की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के माध्यम से निर्मित मवई नल जल सेवा की जानकारी संबंधित विभाग से लेकर जल्द आम जन को इसका लाभ मिले ये सुनिश्चित करेंगे।*

***-श्रीमति मनीषा प्रहलाद मरकाम,***
**अध्यक्ष जनपद पंचायत मवई**

*घर घर नल से जल पहुंचाने शासन ने पानी की तरह पैसे खर्च कर जल आपूर्ति हेतु मवई मुख्यालय में अधोसंरचना का निर्माण कराया है इसका लाभ आम जन को मिलना चाहिए जल्द सेवा सुचारू रूप से प्रारंभ होनी चाहिए।*

***-पुरषोत्तम साहू,***
**स्थानीय युवा**

## राष्ट्र सेविका समिति महाकौशल प्रांत मण्डला विभाग द्वारा सात दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

राष्ट्र सेविका समिति महाकौशल प्रांत मण्डला विभाग द्वारा सात दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। यह वर्ग 30 सितंबर से 5 जनवरी तक सेवा भारती छात्रावास देवदरा मंडला में लगाया गया जिसमें 75 शिक्षार्थी ,3 शिक्षिका एवं 6 प्रबंधिका बहनें रहीं।वर्ग में प्रतिदिन प्रातः स्मरण एवं सायं स्मरण, प्रातः एवं सायं शाखा, कार्यशाला, गीत, श्लोक, प्रार्थना का अभ्यास, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शंका समाधान हेतु चर्चा सत्र हुए। शारिरिक सत्र में प्रति दिन दण्ड, यष्टि और नियुद्ध के साथ साथ गणसमता इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। वर्ग का समापन 5 जनवरी को हुआ जिसमें प्रात्यक्षिक कार्यक्रम में प्रांत शारीरिक प्रमुख एवं वर्ग की मुख्य शिक्षिका के मार्गदर्शन में नियुद्ध, योगचाप, यष्टि एवं व्यायाम योग का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कल्याणी सारंगपाणि जी की उपस्थिति रही। आप सेंट्रल रिज़र्व पुलिस बल की 148 वी वाहिनी के कमांडेंट महोदय श्री विक्रांत सारंगपाणि जी की धर्मपत्नी है। मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वर्ग में डॉ अंकिता देशपांडे (पीएचडी क्रिमिनोलॉजी, रीवा में स्वयं का विद्यालय संचालित, समिति की दृष्टि से प्रांत तरुणी प्रमुख), डॉ प्रतिमा बिसेन पीएचडी वनस्पति शास्त्र, बालाघाट डिग्री कॉलेज में व्याख्याता, समिति की दृष्टि से प्रांत बौद्धिक प्रमुख) एवं डॉ नीता गुहा, एमएससी गणित, समिति की दृष्टि से नर्मदा भाग बौद्धिक प्रमुख) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वर्ग अधिकारी मण्डला विभाग कार्यवाहिका श्रीमती शिखा राय एवं मुख्य शिक्षिका प्रांत शारीरिक प्रमुख सुश्री भुवनेश्वरी, सह विभाग कार्यवाहिका तृप्ति शुक्ला, जिला कार्यवाहिका रेणुका परमार के मार्गदर्शन में यह वर्ग संपन्न हुआ।



# निर्माण कार्यों के संबंध में मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देश

*** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने गोलमेज सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक ली।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि जिले में लोक निर्माण विभाग के द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए। सड़क निर्माण कार्यों का कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री और उपयंत्री नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। जिससे सड़क निर्माण निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो सके। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में व्यय राशि का भुगतान भी समय सीमा में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा मंगलवार को गोलमेज सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित ठेकेदार मौजूद थे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बैठक में अनुपस्थित सहायक यंत्री और उपयंत्रियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री सड़क निर्माण कार्यों में व्यय राशि का भुगतान समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों में व्यय राशि का भुगतान हेतु देयक विलंब से प्रस्तुत करने पर उसका कारण पूछा जाए। उन्होंने शासन के मापदंड अनुसार कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने व ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सड़क निर्माण कार्यों के संबंध में कार्यपालन यंत्री को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जिससे सड़क निर्माण कार्यों की स्थिति के बारे में नियमित रूप से जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य समय सीमा पर पूर्ण नहीं होने पर ठेकेदार और सहायक यंत्री, उपयंत्री को नोटिस जारी कर इसका कारण पूछा जाए। उन्होंने सभी ठेकेदारों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण के दौरान शासकीय दीवारों/पाईप लाईनों को क्षतिग्रस्त न किया जाए। सड़क निर्माण के दौरान निर्माण सामाग्री को अन्यत्र न फैलाएं बल्कि उसे सुरक्षित रखा जाए। जिससे वह किसी भी प्रकार की दुर्घटना का कारण न बन सके।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान निर्माण कार्य का नाम, सड़क की दूरी, लागत राशि सहित संपूर्ण जानकारी वाला बोर्ड लगाया जाए। जिससे निर्माण कार्यों के बारे में नागरिकों को जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान सड़कों के आजू-बाजू भराव करने के निर्देश दिए।

**रेस्क्यू** | **कान्हा नेशनल पार्क की टीम ने किया सफलतापूर्वक रेस्क्यू।**

# फैंसिंग के लगे फंदे में फंसी मादा तेंदुआ



*** गूढ़ा अंजनिया क्षेत्र का है मामला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

वन परिक्षेत्र अंजनिया अंतर्गत चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर के गूढा अंजनिया गांव में फॉरेस्ट के प्लांटेशन की फेंसिंग में मंगलवार को किसानों को यहां सुबह करीब फंदे में एक मादा तेंदुआ फंसी दिखाई दी। इसकी सूचना ग्रामीणों नें वन विभाग और पुलिस को दी। जहां वन विभाग के अमले के द्वारा कान्हा टाइगर रिजर्व की टीम को बुलाकर मादा तेंदुए का सफल रेस्क्यू किया गया है।

### तेंदुए को देखने ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठी

जब किसानों ने मंगलवार की सुबह 10:00 बजे फॉरेस्ट की फेंसिंग में फंसी एक मादा तेंदुआ को देखा तो ये खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते तमाशबीनों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। जहाँ पुलिस और वन अमले ने भीड़ को तेंदुए से दूर किया। तेंदुआ का रेस्क्यू करने पहुंचे टीम में शामिल डॉ संदीप अग्रवाल के नेतृत्व में यहां तेंदुए को ट्रेंकुलाइज कर फंदे से निकाला और प्राथमिक उपचार किया गया ।मौके पर मौजूद डीएफओ ऋषभा नेताम नें बताया कि मादा तेंदुए के फंसे होने की सूचना मिलने पर रीजनल रेस्क्यू टीम कान्हा को सूचित कर बुलाया गया है। टीम के पहुंचने के पूर्व भीड़ को नियंत्रित कर जगह खाली की गई और रेस्क्यू टीम ने तेंदुए का रेस्क्यू कर फुल बॉडी चैकअप किया और घाव पर दवाई लगाई गई। अभी उसे केज में रखा गया है। उन्होंने ये भी बताया कि अभी ये जानकारी मिली है कि इस मादा तेंदुए के साथ दो बच्चे भी हैं तो अब उनका भी रेस्क्यू किया जा रहा है।

रेस्क्यू टीम के डॉ संदीप अग्रवाल ने बताया कि फेंसिंग के किनारे तेंदुए का पीछे वाला हिस्सा फंसा हुआ था। उसके कारण राउंड सेप में घाव के निशान हैं। उसको सफलता पूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया है।



## खबर संक्षेप

### ठंड व कोहरे की चादर ने लोगों को अपने घरों में कैद होने के लिये किया मजबूर

**गाडरवारा।** अचानक मौसम में हुये बदलाब के बीच जिस तरह बीते हुये दिनों आसमान पर बादल छाने के बाद क्षेत्र में कुछ दिन पहले अनेक जगहों पर हुई बारिश से किसान परेशान होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर जहां तहां चल रही धान खरीदी केन्द्रो पर बारिश में भीगने के कारण किसानों की धान फसल खराब होने से नही बच पाई है। बारिश का दौर थम जाने के बाद अब सुबह के वक्त जिस तरह कोहरे का हाल देखा जा रहा है उसके चलते जहां लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है तो दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाये घटित होने की सभावना बनने से नही चूक पा रही है। कोहरे की स्थिति इस तर देखने मिल रही है कि लोगों को आसपास के मकान तक दिखाई देना बंद होते हुये देखा जाने लगा है।

### कोहरा छाने से घर दिखाई देना मुश्किल

**गाडरवारा।** बदले दौर में शहर के बाजार का विस्तार होने के बावजूद शहर के शुक्रवारा बाजार की उस बजारिया की तस्वीर दुर्भाग्य से अभी तक नही बदल पायी है, जिसमें अधिकतर टीन का काम कर जीविका चलाने वाले, टेलर,केशकल्पी, मानिहारी की सामग्री बेचने वाले लोग पूरी ताकत से मेहनत कर अपनी रोजीरोटी चलाते है। गौरतलब है कि इस बजरिया में संकीर्णता होने की स्थिति में बहुत सी छोटी अव्यवस्थित दुकानो का जाल फैला हुआ है और ग्राहको की भीड़ अधिक होने पर उक्त बजारिया में आवागमन करना कठिन हो जाता है, इस शुक्रवारा बजारिया में अनेक लोग बीते हुई कई वर्षो से अपनी दुकाने चला रहे व्यापारियो ने बताया कि वे तरतीब से इस बजारिया में दुकाने बनने का लम्बे समय से इंतजार कर रहे है मगर बदनसीबी से उनका यह अरमान पूरा नहीं हुआ है, जिसका परिणाम है कि वे बजारिया में मूलभूत सुविधाओं की कमी की समस्या झेलते हुए बाबा आदम के जमाने की बनी बेनूर दुकानो का संचालन कर अपने परिवारजनो का भरण पोषण करने मजबूर है, उनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार विकास होने के बाद भी नगर की इस शुक्रवारा बजारिया की दशा में बदलाव करने अभी तक प्रशासन ने प्रयास नही किए है, उन्होने शासन प्रशासन से गुहार लगायी है कि शुक्रवारा बजारिया का कायाकल्प करने की दिशा में शीघ्र पहल की जाए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कागजों के हिसाब से तो नियुक्त है स्वास्थ्य कर्मी

**गाडरवारा।** क्षेत्र के अंतर्गत अनेक गांवों में अनेक शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापति किये गये है, मगर यदि ईमादारी से देखा जावे तो इन शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएँ चरमरा रही है? एक तरफ मौसमी बीमारियों का प्रकोप होने के साथ साथ इस समय अन्य नये प्रकार की दहशत संपूर्ण क्षेत्रवासियों को दहशत में डालने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कमी नर्स व मलेरिया वर्कर अपने मुख्यालय से गायब रहतें है? ऐसे में टीकाकरण सहित शासन द्वारा ग्रामीणजनों के नाम पर चलााई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का क्या हाल होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, शायद ही इसका किसी के पास कोई जबाव हो? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस समय लगातार फैल रही मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते हुये क्रम में देखने मिल रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई प्रसूताओं व शिशुओं के लिए टीकाकरण में भी देखने मिल रही है जो ग्रामीण क्षेत्रों में शायद ही कभी निर्धारित तिथि पर लगते हुये देखे जा रहे हो..? इस सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि गॉवों में प्रसूताओं को नर्से बजाय शासकीय दवाएँ उपलब्ध कराने के बाजार की दवाएँ मगवाती है । जबकि गौर किया जावे तो राज्य सरकार का कहना है कि अस्पातालों के भण्डारण में सभी आवश्यक दवाएँ उपलब्ध है मगर इसके बाद भी प्रसूताओं एवं रोगियों के लिए ये दवाएँ गॉवों में पहुँच रही है।

# नये साल के पहले सप्ताह में पुलिस के हाथ लगातार दूसरी सफलता, अंर्तराज्यीय दो तस्करों के पास से जप्त की गई दस लाख से अधिक कीमत का स्मैक पावडर












**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब कानून के रखबारे पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करते है तो अवैध कार्यो में लिप्त रहने वाले कानून की पकड़ से अधिक समय दूर नही रह पाते है...। इसी लिये कहा जाता है कि कानून के हाथ लम्बे होते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा क्षेत्र में देखने मिल रही है। जिस प्रकार से उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक प्रियंका केवट द्वारा अवैध कार्यो में लिप्त रहने वालों के खिलाफ डंडा घुमाते हुये मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ी गई है उसका परिणाम है कि नये वर्ष के पहले ही सप्ताह में पुलिस के हाथ लगातार दो बड़ी सफलताये हाथ लगने के साथ ही अपराधियों को अपनी एक ही नजर में पहचचानने वाले ए एस आई राजेश शर्मा तथा वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी की जुगल जोडी ने क्षेत्र में बडे स्तर पर मादक पदार्थो का कारोबार करने वाले अंतराज्जीय दो युवकों के पास से बीते हुये 10 लाख 70 हजार रूपया कीमत की स्मैक जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस तरह एक ही सप्ताह के अंदर नगर निरीक्षक प्रियंका केवट की टीम के हाथ लगी दूसरी बड़ी सफलता का खुलासा बीते हुये मंगलवार को जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया द्वारा पत्रकारों को अपनी जानकारी में बताया कि इस समय संपूर्ण जिले में अवैध मादक पदार्थ स्मैक के नशे के विरूद्ध गाडरवारा पुलिस द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते गाडरवारा पुलिस के हत्थे चढ़े दो अंर्तराज्जीय स्मैक तस्कर लगने के साथ उनके पास से लगभग 10 लाख 70 हजार कीमत की 88.34 ग्राम स्मैक जप्त करते हुये आरोपियों को गिरप्तार किया गया है। इस तरह बड़े कारोबारियों की गिरप्तारी से निश्चित तौर से इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में सफलता मिलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस समय अवैध मादक पदार्थ, अबैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिले अंतर्गत विशेष अभियान चलाते हुये लगातार धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है। वही नशे का सेवन करने वालों को नशे की लत से छुटकारा दिए जाने हेतु विशेष किए गए जिसके परिणामस्वरूप गाडरवारा क्षेत्र सहित संपूर्ण जिले में नशे के कारोबार पर रोकथाम लगाने के लिये किये जा रहे प्रयासों के चलते ही बडे सौदागरों तक पुलिस पहुंचते हुये देखी जा रही है। अवैध मादक पदार्थ स्मैक की क्षेत्र सप्लाई करने वाले अंर्तराज्जीय तस्करों को गिरफ्त में लेने हेतु बनायी गयी थी विशेष कार्ययोजना जिसमें गाडरवारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की गयी एवं गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अवैध स्मैक की सप्लाई करने वालों को गिरफ्त में लेने हेतु पुलिस द्वारा विशेष कार्ययोजना तैयार कर विशेष टीमों का गठन किया गया था जिसमें अलग अलग जगहों पर मुखबिर तंत्र को तैयार किया गया था। इसी के चलते गाडरवारा टीआई प्रियंका केवट में मुखबिर द्वारा सूचना मिली की राघव नगर बोहानी के पास वायपास यात्री प्रतीक्षालय के पास मादक पदार्थो के बडे तस्कर एकत्र होकर कोई योजना बना रहे है। इस सूचना से टीआई प्रियंका केवट द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों को रंगे हाथो माल सहित गिरप्तार करने के लिये आदेश दिये गये। इसी के चलते अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम में मुख्य रूप से टीआई प्रियंका केवट के आलवा ए एस आई राजेश शर्मा, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, आरक्षक दिनेश पटैल, मोहन चौरे, बाल किशन रघुवंशी, ऐश्वर्य वेंकट, हरिशंकर को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की घेराबंदी करते हुये दो युवकों को संदिग्ध स्थिति में पाये जाने पर दोनों को अपनी गिरप्त में लेते हुये जब पूछताछ की गइ्र तो उन्होंने अपना नाम गुलाब उर्फ छोटू तंबर पिता शंकर लाल तंबर उम्र 35 साल निवासी रिचाडिया, थाना भोजपुर जिला राजगढ व दूसरे ने अपना नाम जानकी लाल पिता ग्यारसी राम तंवर उम्र 30 साल निवासी बोरदा, जिला राजगढ़ बताया गया। इस तरह पुलिस द्वारा जब दोनों युवकों की तलाशी ली गई तो गुलाब सिंह तंवर उर्फ छोटू तंवर पिता शंकर लाल तंवर, उम्र 35 वर्ष, निवासी रिचाडिया, थाना भोजपुर, जिला राजगढ़ कों गिरफ्त में लेकर उसके कब्जे से 44.87 ग्राम स्मैक सहित मोबाईल एवं नगदी राशि जप्त की गयी। इसी प्रकार से जानकी लाल तंवर पता ग्यारसी राम तंवर, उम्र 30 वर्ष, निवासी बोरदा, श्री जी थाना भोजपुर, जिला राजगढ़ को गिरफ्त में लेकर उसके कब्जे उसके कब्जे से 43.47 ग्राम स्मैक, मोबाईल एवं नगदी राशि जप्त की गयी। इस तरह दोनों के पास से कुल मिलाकर 88.34 ग्राम स्मैक पावडर जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा धारा 8,21 (b) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार करते हुये मा.न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पुलिस द्वारा आरोपियों से इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह क्षेत्र में किन किन लोगों को विक्रय करते थें। वही जप्त किये गये स्मैक पावडर की कीमत दस लाख सत्तर हजार रूपया से अधिक आकी जा रही है। इस तरह मादक पदार्थो के बडे सौदागर पुलिस के हाथ लगने से अनुमान है कि अब इस अवैध कारोबार के हरियाते हुये पेड़ की जड़े कमजोर होने के साथ इस पेड़ को सूखाने में सफलता मिलने से इंकार नही किया जा सकता है। वही अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भूरिया द्वारा भारी मात्रा में स्मैक पावडर के साथ पकड़े गये आरोपियों के संबंध में जानकारी देते हुये बताया है कि आरोपी जानकी लाल तंवर एवं गुलाब सिंह तंवर उर्फ छोटू तंवर अवैध मादक पदार्थ स्मैक का बड़े तस्कर हैं। आरोपी जानकी लाल तंवर के विरूद्ध कोतवाली नरसिंहपुर के N.D.P.S. ACT के प्रकरण में सजायाब है जो वर्तमान में जमानत पर था एवं गुलाब सिंह तंवर के विरूद्ध थाना भोजपुर, राजगढ़ में आबकारी एक्ट, मारपीट, खिलचीपुर, राजस्थान में N.D.P.S. ACT के तहत अपराध पंजीबद्ध होने के साथ ही आरोपी गुलाब सिंह तंवर उर्फ छोटू तंवर थाना गाडरवारा के अपराध क्र. 1334/2024 एवं अपराध क्र.22/2025 धारा 8, 21(b), 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी था। पुलिस का कहना है कि यह आरोपी यह कारोबार गाडरवारा के आलवा अन्य जगहों पर भी करते थें जिसके चलते पहले भी उनके खिलाफ मामले दर्ज हो चुके है। मगर अब इनकी गिरप्तारी से निश्चित तौर से गाडरवारा क्षेत्र में इस तरह स्मैक पावडर के अवैध कारोबार में कमी आने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## वाहन मालिकों की मनमानी पर अंकुश न होने से रात के समय लोगों का सोना भी हो रहा है मश्किल....

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर मे जहॉ इन दिनो ट्रैफिक की दिक्कत बनने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, वही दूसरी ओर इन वाहनों से निकलने वाला शोर जहां नगरवासियों को परेशानी खडा कर रहा है। वही दूसरी ओर लोगों को मानासिक टेंशन भी देता है। परेशानियां भी कम नही- सामान्यतः शहरी लोग इस शोर शराबे के आदी हो गए है। क्योंकि यह शोर उनकी जिन्दगी का एक हिस्सा बन गया है, सुबह से लेकर शाम तक उनकी जिंदगी इसी शोर के बीच गुजरती है,फिर चाहे वह कूलर,टीवी या पम्प की आवाज ही क्यों न हो परेशानी मुख्यतः ग्रामीण इलाकों से आये हुए लोगों को होती है। क्योंकि वे इस शोर के आदी नही होते है, इससे उन्हे मानासिक परेशानी होती है,शहरों में देखा जावे तो यहां हर रोज फिक की दिक्कत तो रहती ही है साथ ही शोर से लोगो के कन्प्यूजन भी होता है और हादसे होने की संभावना रहती है। इस ध्वनि के साथ वायु प्रदुषण भी ये भारी भरकम वाहन जहां एक ओर अपने शोर से लोगों को परेशान करते है,वही इनसे निकलने वाले धुये ने लोगों का सांस लेना दूभर कर दिया है, इससे लोगो वाहन चलाने,आंखो मे जलन व सांस लेने मे भारी दिक्कत होती है। कौन से वाहन-जहां तक यदि देखा जाए तो शहर में हैवी प्रेशर हार्न की बात करें तो ये आपके वाहन पर निर्भर करता है,लेकिन प्रेशन हार्न मुख्यतः है और इनकी संख्या शहर में ज्यादा है, नगर में घूमने वाले वालों में देखा जाता है कि जिस प्रकार से कर्कस हार्न लगे होने के कारण जब उनके चालकों द्वारा हार्न बजाये जाते है तो सोते हुए लोगों की नीदे खराब हो जाती है। वही दूसरी ओर अक्सर बाहनों में जो डेक टेप रिकार्डर लगे होते है, देर रात तक सड़को पर घूमते हुए उसे इतनी तेज आबाज में चलाते है, जिससे नगरवासी परेशान होने लगे है, यह स्थिति नगर की सड़कों पर घूमने वाले अनेक आटों में भी देखने मिल रही है, जो रात रात भर सड़को पर घूमते हुए तेज आवाज में गाना सुनते रहते है, इस स्थिति में नगरवासी रात के समय सो तक नही पाते है?

## मोहपानी में आयोजित हुये आदिवासी सम्मेलन में राजभवन घेराव की तैयार की रूप रेखा तय



**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** आदिवासी जिला एकता महासभ के तत्वाधान में बीते हुये दिवस आदिवासी राष्ट्रीय अधिकार मंच के केंद्रिय कमेटी सदस्य रामनारायण कुरारिया की मुख्य आतिथ्य एवं शेर सिंह राजपूत एवं टी एस राजगोंड सेवा निवृत शिक्षक की अध्यक्षता में जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम मोहपानी में आदिवासी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मध्य प्रदेश किसान सभा के तहसील उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, लीलाधर वर्मा, एवं भैरों प्रसाद विश्वकर्मा शामिल रहे। वही सम्मेलन में आदिवासियों की समस्याओं पर मुख्य वक्ता रामनारायण कुरारिया ने कहा कि देश में आदिवासियों की संख्या 8 प्रतिशत है जबकि मध्य प्रदेश में 1 करोड़ 50 लाख के लगभग जो 22 प्रतिशत आदिवासी निवास करते हैं। जिसमें 46 कबीले जनजातियां शामिल हैं। वही Aऔर B ग्रुप में 2 से 3 प्रतिशत ही नौकरियां हैं। वही C ओर D ग्रुप में आउट सोर्स कर्मचारी हैं। मगर आंगनवाड़ी, आशा, ऊषा, मध्याह्न भोजन में आरक्षण का लाभ ही नहीं है। वनाधिकार कानून का लाभ नहीं मिल रहा है। राजस्व एवं वन भूमि पर पीढ़ियों से काबिज जमीनों के पट्टे न देकर अभ्यारण्य , प्लांटेशन, बांधो के नाम से खाली कर जबरन खदेड़ने का काम कर रहे हैं उन्हें काबिज जमीनों के पट्टे दिए जावे एवं भूमि अधिग्रहण बिल 2013 पर अमल किया जाए। आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार में बढ़ोतरी करते हुए रिक्त पद भरे जाने की मांग की गई। वही उन्होंने कहा कि छात्रवृति बढ़ाई जाए, छात्रावासों की मरम्मत की जाए, आदिवासी क्षेत्रों में नर्स दबाई एवं डॉक्टरों की व्यवस्था की जाय। आदिवासियों पर पुलिस एवं वन विभाग द्वारा बनाए गए फर्जी मुकदमे वापिस किए जाने एवं जिले में गाडरवारा क्षेत्र में एनटीपीसी एवं गोटिटोरिया कोल माइंस दो बड़े उपक्रम है जिससे आदिवासी क्षेत्र का बिकास के साथ क्षेत्र के आदिवासी नौजवानों को स्थायी नौकरी दी जावे एवं इनके मद का बिकास के नाम पर आ रहा फंड कहा लग रहा है जांच कर कार्यवाही की बात की गई।। इस दौरान उन्होंने कहा सरकारें आदिवासियों के हित करने का ढिंढोरा तो पीटती हैं लेकिन आदिवासियों के जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं आया है । उल्टा आदिवासियों के अशिक्षित होने का लाभ बिचौलिए सरकार के दलाल और प्रशासन के लोग फर्जीवाड़ा कर ले रहे हैं। यहां तक कि उनकी संख्या के अनुसार आरक्षण भी नहीं मिल रहा है। इस दौरान कुरारिया ने कहा कि मध्य प्रदेश के जिला एवं तहसील स्तर पर 16 एवं 17 जनवरी को उक्त मांगो के अलावा स्थानीय समस्याओं का ज्ञापन आदिवासी एकता महासभा के आव्हान पर धरना प्रदर्शन कर 29 जनवरी को राजभवन भोपाल का घेराव कर राज्यपाल को आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों से संबंधित ज्ञापन सौंपकर निराकरण करने की मांग करेंगे। सम्मेलन को कुरारिया के अलावा समाजसेवी टी एस राजगोंड सेवा निवृत शिक्षक, मोहन धुर्वे, अनिल कुमार कहार, देवेंद्र वर्मा, पवन सल्लाम, लीलाधर लोधी, सुदामा बट्टी गोपाल मेहरा ने संबोधित कर स्थानीय मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। सम्मेलन में ग्राम मुंहपानी के आलवा बटकना,, तलैया, भातोर,, कुकड़पानी, बड़ागांव, बेर गांव, पीपला, पाबतोड़ा, टूईयापानी, तेंदूखेड़ा, गोटिटोरिया, चारगांव खुर्द, इकलौनी, चीचली सालीचौका, रहमा, बसुरिया सहित अन्य गांव लोग भारी मात्रा में शामिल हुये।

## दिन के समय कटोरा लेकर सड़कों पर घूमने वाले आखिर रात में कहां हो जाते हैं गायब.., इन पर अंकुश लगा तो चोरी सहित अन्य अपराधों में देखने मिल सकती है गिरावट...?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



इस समय नगर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बाहरी लोग अपना डेरा जमाते हुए आये दिन किसी ने किसी कृत्य को अंजाम देते हुए देखे जा रहे है । इस बात को लेकर लोगों में दहशत की स्थिति देखने मिल रही है? क्योंकि बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि लोगों के घरों के अंदर से मोबाईल फोन सहित अन्य प्रकार की चोरी की घटनाओं में इजाफा होते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर गुप्त केमरों की सच्चाई इस तरह के धंधों में महिलाओं की भूमिका सामने आने से नही चूक रही है? मगर इस बात को शायद न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता पूर्वक लेते हुए दिखाई पड़ रहा है और नही अन्य कोई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जिससे नगरवासी इन बाहरी लोगों की नगर में लगातार बढ़ रही फौज के चलते अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए दिखाई देने से नही चूक पा रहे है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो पूर्व के समय में पुलिस द्वारा वाहन चोरी से लेकर मादक पदार्थो के आलवा अन्य घटनाओं में पकड़े गये अनेक आरोपियों में बाहरी लोग ही शामिल थें जो दिन भर नगर में भ्रमण करते हुए रात को घटनाओं को अंजाम देने के बाद गायब हो जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पुनः नगर में दिखाई पड़ रही है जिसके चलते अनेक भेषों में जिस प्रकार से नगर की सड़को पर अनजान चेहरे दिखाई दे रहे है यदि उन लोगों के संबंध में सच्चाई का पता किया जावे तो यह जानकारी शायद ही पुलिस के पास भी उपलब्ध रहती हो? इस प्रकार से नगर में चारो ओर अनजान बाहरी लोगों के डेरे जमे हुए दिखाई पड़ने के साथ आये दिन बढ़ोत्तरी होते दिखाई देने लगी है। मगर इसके बाद भी पुलिस प्रशासन अनजान बनना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो अनेक महिलाएं जहां नगर की सड़कों अपने मासूम बच्चों को लेकर भीख मांगते हुए देखी जा रही है उनके बारे में शायद ही किसी को इस बात का पता नही है कि आखिर में यह रहने वाली कहा की है और यहां पर भीख मांगने के लिए कैसे पहुंच रही है जो दिन भर नगर के भ्रमण करने के बाद रात के समय अचानक गायब हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में भीख सहित अन्य कार्यो में लगे हुए किशोरों से लेकर मासूम बच्चों की देखने मिल रही है? जबकि यदि शहर क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति नजर आता है कि सबसे पहले पुलिस को उसके संबंध में संपूर्ण जानकारी एकत्र करते हुए थाने में पूरा उसका वायोडाटा जमा करना चाहिए। मगर ऐसा होते हुए दिखाई ही नही पड़ रहा है जिसके चलते क्षेत्र में लगातार अनेक अपराधिक घटनाएं घटित होते हुए दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर पिछले कुछ समय से अनेक महिलाएं और बच्चें कटोरानुमा पात्र में आराध्य देवी देवताओ की मूर्तियां रखकर भीख मांगाते हुए दिखाई देने से भी नही चूक रही है जो अपने साथ तीन तीन मासूम बच्चों को रखे हुये उनके भूखा होने के नाम पर लोगों के घरों के दरबाजे या फिर दुकानों के सामने खड़ी हुई आये दिन दिखाई देती रहती है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से इनका भीख मांगने के इनके इस नये तरीके से आमजन मानस आहत हो रहा है? इस तरह शहरों से लेकर गांवो में घुम घुमकर जिस प्रकार से भीख मांगने का कार्य किया जा रहा है, उससे जहां आम लोग परेशान तो हो ही रहे है साथ ही साथ नगर की सुरक्षा पर भी सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है? क्योंकि नगर में बीते हुये वर्ष घटित हुई अनेक घटनाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से नगर की नई गल्ला मंडी बैक से पैसों से भरा हुआ बैग गायब हुआ था उसमें भी एक नाबांलिग लकड़ा के शामिल होने की सच्चाई सामने आयी थी, इसके आलवा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शादी समारोहों में घटित हुई अनेक चोरी की घटनाओं में भी गुप्त केमरों में इस प्रकार से नाबांलिग बच्चों की फोटो सामने आ चुकी है? मगर इसके बाद भी पुलिस की उदासीनता जिस प्रकार से देखी जा रही है।

## नगर में जहां तहां विक्रय हो रही मांस मछली के अवैध कारोबार के चलते नगर में फैल रही गंदगी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भले ही नगर पालिका द्वारा मांस मछली विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई है, मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा नगर में जहां तहां खुलेआम मांस मछली का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते नगर का वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचने से नही चूक रही है? इस प्रकार से मांस मछली विक्रय करने वालो की मनमानी पर अंकुश न लग पाना नपा प्रशासन की उदासीन कार्य प्रणाली सहित पुलिस प्रशासन की उदासीनता को भी उजागर करने से नही चूक रही है? जिसके चलते इस प्रकार से नगर में धडल्ले से जहां तहां हो रहे मांस मछली के विक्रय से नगर में गंदगी फैलने के साथ साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से भी नही चूक रही है? क्योंकि इस प्रकार से मांस मछली सहित अंडे का व्यापार करने वाले लोगों द्वारा न तो नगर के मंदिरों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही शिक्षण संस्थाओं का जिसके चलते लोगों में इस प्रकार से खुलेआम बिक रहे मांस मछली के विक्रय को लेकर आक्रोश देखने मिल रहा है? इस प्रकार से धडल्ले से विक्रय होने वाले मांस मछली की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी सहित सहित अन्य स्थानों पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि पानी टंकी के पास जहां नगर का एक मात्र गायत्री मंदिर स्थित है वही हनुमान मंदिर के साथ साथ शिक्षण संस्था भी स्थापित है। मगर इसके बाद भी यहां पर प्रतिदिन शाम के वक्त जहां खुलेआम मछली विक्रय होते हुये देखी जा रही है वही अनेक मांस की दुकाने भी संचालित हो रही है, इस स्थिति में जब कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो उसे सबसे पहले इस प्रकार से विक्रय होने वाली मांस व मछली पर नजर पड़ते हुये उसकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्कूली बच्चों में भी देखने मिल रही है जिन्हें इस प्रकार खुलेआम विक्रय होने वाले मांस व मछली के चलते घृडा का शिकार होते हुये देखा जाता है, कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के पलोटन गंज जाने वाले मार्ग पर देखी जा रही है जहां हनुमान मंदिर व आचार्य मंदिर से चंद कदम दूरी पर खुलेआम बिरयानी विक्रय का वोर्ड अपनी शोभा बढ़ाने से नही चूक रहा है, यही हाल नगर के अन्य स्थानों पर भी देखने मिल रहा है? इस प्रकार से निर्धारित स्थल के जगह नगर के प्रमुख व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है और नही नपा प्रशासन द्वारा जिसके चलते नगर में खुलेआम गंदगी का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है, इस प्रकार से नगर की गलियों व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय पर अंकुश लगाने की मांग की जा रही है।

## वर्षों पुराने बिजली तारों के भरोसे चल रही व्यवस्थाओं बन रही परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/ सडूमर ।** जहां एक ओर आये दिन देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा गांवों में किसानों सहित अन्य उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल अदा नही किये जाने के नाम पर जिस प्रकार से बसूली करते हुए उन्हें अपमानित करते हुए जबरन घरों में रखे हुए समान की जप्ती तो की जाती है, मगर वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह है कि जिस तरीके से बिजली विभाग द्वारा बिल बसूली का तरीका अपनाया जाता है। अब सबाल यह उठाता है कि क्या उस तरीके से लोगों को बिजली उपलब्ध कराये जाने के साथ साथ उन्हें बिजली तारों से होने वाली घटनाओं की क्षति का सहयोग प्राप्त किया जाता है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा गांवो के साथ साथ किसानों के खेतों में बिजली सप्लाई हेतु जो बिजली लाईने खीची गई है उनका वर्षो से सुधार कार्य नही किये जाने तथा उनका रख रखाब नही होने के कारण जहां तारों ने झूला का रूप धारण कर लिया गया है और आये दिन देखा जाता है कि जब हवा चलती है तो यह झूलते हुए तार एक दूसरे से टकरा जाने के कारण चिंगारी छोडते है जिसके चलते जहां गांवों में किसी बड़ी घटना घटित होने की आंशका बनी रहती है?

# जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 31 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई।**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।




आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम बसनिया के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने एसडीएम डिंडौरी को पंचायत की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार से ग्राम सुनपुरी से रंजीत कुमार ने आवेदन प्रस्तुत कर विद्युत कनेक्शन के लिए ऑनलाईन आवेदन को सत्यापन न किये जाने की शिकायत की। सरपंच ग्राम पंचायत फिटारी ने ग्राम फिटारी के छूटे हुए मोहल्लों में विद्युत कनेक्शन प्रदान करने की मांग की। ग्राम करनपुरा के ग्रामीणों ने स्कूल एवं आंनगवाड़ी में आवागमन के लिए नाला में पुल निर्माण कराने की मांग की। ग्राम चटुवा निवासी भूपत सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय की मांग की। शासकीय महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति बालक छात्रावास झुरकी टोला के छात्रों ने आवेदन प्रस्तुत कर छात्रावास भवन क्षतिग्रस्त होने के कारण छात्रावास के स्थान परिवर्तन कराने की मांग की। ग्राम खरगहना से गणेश प्रसाद ने 2023 में स्वीकृत बलराम तालाब निर्माण की बकाया किश्त राशि का भुगतान कराने की मांग की। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जनसुनवाई मे प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### एकीकृत हाई स्कूल विदयपुर में हुआ खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन



**डिंडोरी।** मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र डिंडौरी के तत्वाधान में शासकीय एकीकृत हाईस्कूल विदयपुर में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में खो-खो, रस्साकशी, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य रजनीकांत शुक्ला, उप प्राचार्य श्याम ब्यौहार, दिलीप कुमार मरावी, दिनेश कुमार ब्यौहार, बोधन सिंह श्याम, ओंकार मरावी, श्रीमती मुलिया श्याम, प्रवेश कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को उपस्थित मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

### शाहपुर धान उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण



**डिंडौरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार एसडीएम रामबाबू देवांगन ने खरीफ उपार्जन 2024 25 के तहत किये जा रहे उपार्जन के संबंध में शाहपुर धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर कृषकों के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तौल, बोरी पैकिंग, भण्डारण, स्लॉट बुकिंग, धान की आवक, ढुलाई आदि की जानकारी ली। एसडीएम देवांगन ने केंद्र में आये कृषकों से चर्चा की,और दी जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

### ज्ञानेश्वरी महाविद्यालय धमनगाँव का निरीक्षण किया



**डिंडोरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार एसडीएम रामबाबू देवांगन ने आज ज्ञानेश्वरी महाविद्यालय, धमनगाँव का निरीक्षण किया, उन्होंने महाविद्यालय में कक्षा संचालन, उपस्थिति, प्रयोगशाला, पुस्तकालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में व्यवस्थायें संतोषजनक पायी गयी। उक्त निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार शशांक शेंडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया बाबा का उर्स



**डिंडोरी।** डिंडौरी जिले के करंजिया मुख्यालय स्थित फारेस्ट कालोनी में शेरु बाबा के निज निवास स्थान पर प्रतिवर्षानुसार इस बार भी हजरत चांद शा पाशावली बाबा का उर्स धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर अजमत अली के द्वारा बाबा के अनुयायियों के साथ मिलकर कुरान पाठ,दरुद,के साथ फातिहा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों धर्म प्रेमियों ने शामिल होकर पुण्यलाभ कमाया इस दरमियान यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां प्रसाद पाने लोग आते जाते रहें।

### 1 अप्रैल तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस

**अनूपपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा भंडारकुंड-भीमालगोंडी सेक्शन को अधोसंरचना कार्य के कारण निलंबित किया गया है जिसके फलस्वरूप गाड़ी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग व्हाया नागपुर-आमला-छिंदवाड़ा मार्ग से 31 मार्च 2025 तक तथा गाड़ी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का परिचालन 01 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा।

### विकास खंड पुष्पराजगढ़ के 3 हजार शिक्षकों का दिसंबर का वेतन अटका

**अनूपपुर।** विकासखंड पुष्पराजगढ़ मे कार्यरत लगभग 3000 शिक्षकों का माह दिसंबर 2024 का वेतन आज तक भुगतान नहीं किया गया है, समस्त संवर्ग के शिक्षक आर्थिक तंगी से गुजर रहे है। मध्य प्रदेश शिक्षक के संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में सतीश तिवारी को उच्च पद प्रभार देते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थापना की गई थी। मध्य प्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश 19 दिसंबर के द्वारा सतीश तिवारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ को उच्च पद प्रभार एवं पद स्थापना को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। उनके अवकाश पर जाने उपरांत किसी भी व्यक्ति को आज तक वीडियो बीईओ पुष्पराजगढ का प्रभार न दिए जाने के कारण समस्त शिक्षक आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। जिला प्रशासन से आग्रह है कि तत्काल बीईओ पुष्पराजगढ़ का प्रभार सौंपा जाकर शिक्षकों के वेतन अति शीघ्र आहरित करावे जाएं, साथ ही साथ सेवानिवृत्ति, अन्य लंबित प्रकरणों का भी निराकरण कराया जावे। इतनी लंबी अवधि तक उक्त पद पर किसी की पद स्थापना ना हो पाना अपने आप में प्रश्न खड़ा करता है,

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आयोजित हुए जनशिविर

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से निरंतर जनशिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को मेंहदवानी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत भलवारा, भोड़ासाज, खरगवारा, बहादुर एवं जनपद पंचायत करंजिया के ग्राम पंचायत कबीर, नारीग्वारा, बोंदर, बावली में शिविरों का आयोजन किया गया। मेंहदवानी क्लस्टर में आयोजित जनशिविर में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए, जिसमें उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया जा रहा है। कुछ ऐसे लोग भी है, जिन्हें योजना का लाभ किसी कारणवश नहीं मिला पाया है, उन्हें शिविर में निराकृत कर रहे है। चिन्हित समस्याओं को हल करने लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहे है। विधायक श्री धुर्वे ने वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान विधायक श्री धुर्वे ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है । शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में पंचायत विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग जन जन तक प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से जिले में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत 392 शिविर आयोजित होने है, जोकि प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और अधिकारीगणों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे है। जनशिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

# 20 लीटर अवैध शराब व स्कूटी जप्त

डिंडोरी।







पुलिस अधीक्षक श्रीमति वाहनी सिंह द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित करने पर थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गा प्रसाद नगपुरे द्वारा टीम गठित कर अलग अलग स्थानों में छापामार कार्यवाही कर टाइगर ढाबे के सामने से एक नीले रंग कि बिना नंबर कि स्कूटी से आरोपी तिलक कुमार पिता गंगा प्रसाद पास से 10 पाव जीनियस रम 07 पाव जीनियस विस्की 07 पाव डक रम एवं आरोपी रविंद्र यादव पिता शोभाराम यादव उम्र 32 साल निवासी वार्ड नंबर 7 पावर हाउस के पीछे सुबखार से 25 पाव जीनियस रम व समनापुर तिराहे से आरोपी बंटी बरोटिया पिता दसरथ निवासी वार्ड 14 के पास से 05 पाव डक रम 05 पाव जीनियस रम 04 पाव जीनियस विस्की और उमेश बरमन निवासी रेहली मोहल्ला के पास से 20 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त कर अपराध धारा सादर का कायम कर विवेचना में लिया गया कुल 20 लीटर शराब एवं स्कूटी जप्त की गई।

**इनकी रही विशेष भूमिका** - थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गा प्रसाद नगपुरे विपिन जोशी राघवेन्द्र ठाकुर कोदू जोगी, सलीम खान भानु रौतेल आर. सतेन्द्र डहेरिया अजय यादव अवनीश यादव कैलाश नरेश उइके विनोद माहोर कि महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# महाविद्यालय मेंहदवानी ने किया कॉलेज चलो अभियान के तहत स्कूलों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

सत्र 2024-25 में राजा शंकर शाह कुवंर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेहंदवानी की कॉलेज चलो अभियान टीम ने शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहंदवानी एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहंदवानी जिला डिंडोरी में उपस्थित होकर शासन के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय में उपस्थित विज्ञान एवं कला संकाय के छात्र छात्राओं से बातचीत की और उन्हें हायर सेकंडरी परीक्षा के बाद कॉलेज चलो अभियान एवं महाविद्यालय में प्रवेश तथा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई तथा महाविद्यालय विजिट करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के कुशल नेतृत्व में डॉ शशिकांत चंदेला कॉलेज चलो अभियान के नोडल, डॉ अलका अवस्थी, डॉ गौरी सिंह परते, सुश्री माया कनासे, श्रीमती सुन्दरवती यहके, श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।



# सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले अधिकारी हुये सम्मानित

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में नवंबर माह में जारी सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में ए ग्रेड स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें योजना सांख्यिकीय अधिकारी डी.के. अहिरवार, जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक के.के. सोनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते, ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता जी.पी. गोस्वामी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एच.एस. धुर्वे, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. ए.पी. पटेल, परियोजना अधिकारी शहरी विकास दिलीप कुमार पांडेय, परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम, सहकारिता विभाग की उपायुक्त श्रीमती सुनीता गोठवाल एवं उप संचालक कृषि एन.डी. गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एक बार फिर जिले में मौसम ने बदली करवट

# मंगलवार को जिले में घना कोहरा छाया रहा, बढ़ी ठिठुरन

अनूपपुर/कोतमा।

मौसम आये बदलाव से एक बार फिर से जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल एवं कोतमा क्षेत्र में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। आगामी कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई गई है। एक बार फिर से जिला मुख्यालय सहित कोतमा एवं कोयलांचल क्षेत्र में मौसम में बदलाव नजर आया। सोमवार-मंगलवार की रात्रि से ही ओस की रिमझिम फुहारों के साथ घना कोहरा छाया रहा। सुबह दस बजे सूर्य देव के दर्शन हुये और आसमान में धूप नजर आई घना कोहरा छाने के कारण ठंड बढ गई। मंगलवार को सुबह से लेकर देर रात तक शीत लहर चलती रही। ठंड का प्रकोप बढने के साथ-साथ दिन के तापमान में गिरावट रही और रात का तापमान भी और नीचे गिर गया।



### घना कोहरा और दृश्यता में कमी

जिला मुख्यालय सहित कोतमा एवं कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में घना कोहरा देखने को मिला। यह कोहरा विशेष रूप से सुबह के समय दृश्यता को प्रभावित कर रहा था। जिससे सडक पर यात्रा करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख सडकों पर वाहन चालकों को अपनी यात्रा में अतिरिक्त सावधानी बरततें देखा गया। कोहरे के कारण आवागमन करने वालों को दुर्घटनाओं का खतरा बना रहा। जिससे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात विभाग ने अतिरिक्त चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं।

### दिनभर चली शीतलहर

मंगलवार को आये मौसम में बदलाव से दिनभर शीत लहर चली। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान समय में उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी चल रही है और जिले में भी ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है। जिले के विभिन्न हिस्सों में न्यूनतम तापमान 4 से 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। इसके कारण ठंड और भी महसूस होगी, जिससे लोगों को परेशानी हो सकती है। किसानों के लिए यह मौसम सबसे चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है, क्योंकि किसानों को अपनी फसलों को ठंड से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी।

खबर संक्षेप

## नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता की पाठशाला आयोजित



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के चलते निकाय अंतर्गत IEC गतिविधियां संचालित की जा रही हैं,निकाय के स्कूलों एवं आस पास क्षेत्र में संचालित होने वाले स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुरदई रोड पर संचालित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में स्वच्छता का पाठशाला लगाई गई और स्कूल के शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों को स्वच्छता पर आधारित जानकारी प्रदान की जिसमें सूखे कचरे तथा गीले कचरे के प्रयोग के बारे में उनको बताया गया जिसमें गीले कचरे से किस प्रकार घर पर ही जैविक खाद बनाई जा सकती है इसका प्रशिक्षण प्रदान किया गया वही सूखे कचरे को अलग-अलग कर नगर पालिका की गाड़ी में देने के लिए बताया गया जिससे कि सूखे कचरे का पुनः चक्रण करके उसको दोबारा प्रयोग में लाया जा सके तथा गीले कचरे से जैविक खाद बनाकर अपने किचन गार्डन में उसका प्रयोग किया जा सके जिससे कि अपने शहर और अपने आसपास को कचरे से होने वाली गंदगी से बचाया जा सके।इस दौरान स्वच्छता की पाठशाला गतिविधि में स्कूल के शिक्षक एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार की गोष्ठी 9 जनवरी को

**तेंदूखेड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में वंदनीय माता भगवती देवी के जन्मशताब्दी वर्ष के तहत सम्पूर्ण विश्व में जारी वृहद जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।इसी तारतम्य में विगत वर्ष मप्र के प्रत्येक जिले में सद्गुरु सत्ता के सूक्ष्म संरक्षण में जन जाग्रति रथ यात्राएं निकाली गई थीं। जिसमें सभी श्रद्धालुओं का भावभरा सहयोग तहसील क्षेत्र की रथयात्राओं में प्राप्त हुआ था।आगामी फरवरी माह में जनशताब्दी ज्योति कलश यात्राओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इसके तहत प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में यह ज्योति कलश यात्रा पहुंचाने का लक्ष्य शांतिकुंज हरिद्वार के नेतृत्व में किया गया है। इस बार लक्ष्य बड़ा है और गुरुसत्ता की अपेक्षाएं भी सभी शिष्यों से महती हैं। जिसे लेकर तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक गोष्ठी 09 जनवरी गुरुवार को तेंदूखेड़ा में आयोजित है। सभी परिजन आवश्यक रूप से अपनी सहभागिता प्रदान करें। इस गोष्ठी में जिला संयोजक अविनाश बेलाकर जबलपुर उपजोन समिति सदस्य वरिष्ठ परिजन वृंदावन पटैल विषेश रूप से उपस्थित रहेंगे बैठक में गहन विचार विमर्श कर आगामी जनशताब्दी ज्योति कलश यात्रा की तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र में आयोजन की रुपरेखा निर्धारित की जाएगी ।

## मंत्री श्री पटेल का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण और श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल बुधवार 8 जनवरी को जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल बुधवार 8 जनवरी को प्रात 9 बजे सैनिक सोसाइटी, शक्ति नगर, जबलपुर से प्रस्थान कर प्रात 10.10 बजे जिले के गोटेगांव में श्री सत्य सरोवर आसन जी, बगासपुर आयेंगे। मंत्री श्री पटेल यहां श्री निर्विकार पथ के प्रकट करता, आराध्य परम पूज्य श्री श्री बाबा श्री जी के चतुर्थ पौष मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि अनुसार पावन चतुर्थ श्री समाधि दिवस पर माल्यार्पण एवं पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

# 12 जनवरी को होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर स्वामी विवेकानंद की जी जयंती युवा दिवस पर होने वाले सूर्य नमस्कार को लेकर अधिकारियों की बैठक का आयोजन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



स्वामी विवेकानंद जी के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन हुआ।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार ने बताया कि समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में प्रात 9 से प्रातः 10.30 बजे तक होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में शामिल विद्यार्थियों को योग और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व के बारे में भी बताया जायेगा।

### सूर्य नमस्कार मे सभी को हो सहभागिता

कलेक्टर ने कहा कि सामूहिक सूर्य नमस्कार मे शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थान तथा संबंधित विभागों के संगठनों, पालक शिक्षक संघ, विभिन्न योग संस्थाएं, आदिवासी विकास के छात्रावास, स्थानीय खेल क्लब, स्थानीय निकाय मोहल्ला क्लब मॉर्निंग वॉकर्स, व्यायामशाला, हेल्थ क्लब, पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी नगर एवं ग्राम सुरक्षा समितियां की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक शिक्षण संस्था छात्रावास स्तर पर निर्धारित समय पर सूर्य नमस्कार किया जाये। इस आयोजन में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के तथा महाविद्यालय विद्यार्थी शामिल होंगे। सूर्य नमस्कार में छात्राएं सलवार सूट, ट्रैक सूट, छात्र स्कूली गणेश या ट्रैकसूट में सम्मिलित होंगे। योग एवं उसके माध्यम से चेतना जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार इस आयोजन में अधिक से अधिक जिले के छात्र- छात्राएं, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक जन सामान्य की सहभागिता होगी।

### युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है स्वामी विवेकानंद

भारत के महान आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को मनाई जाती है। इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का जीवन प्रेरणा का अद्भुत स्त्रोत है, जो युवाओं को सफलता के पथ पर आगे बढ़ने की सीख देता है। उनके विचार और भाषण आज भी मार्गदर्शक के रूप में हमारे सामने हैं। सांसारिक मोह-माया को त्यागकर, उन्होंने ईश्वर और ज्ञान की खोज में अपना जीवन समर्पित कर दिया। स्वामी विवेकानंद को उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के मार्गदर्शन में आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई। इसके बाद, विवेकानंद ने अपने ज्ञान को समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया और प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से लोगों को जीवन के वास्तविक अर्थ का बोध कराया। उनके जीवन से जुड़ी कई प्रेरणादायक कहानियां आज भी लोगों के लिए सफलता और आत्म-प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

## रास्ते की मांगः किसानों ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को जिला मुख्यालय के करीबी ग्राम सेमरा और डोकरघाट के किसानों ने खेत तक जाने वाले रास्ते को अवरुद्ध करने के मामले में जन सुनवाई के माध्यम से कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। किसानों ने शिकायत मे बताया कि आसपास के किसानों द्वारा परंपरागत रास्ते को बंद कर दिया है, जिससे किसानों की खड़ी फसल सूखने की कगार पर है। किसानों ने बताया कि वे अपने पूर्वजों के समय से अनावेदकों के खेत की मेढ़ के पास से ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों के साथ अपने खेतों तक पहुंचते आ रहे हैं। लेकिन इस साल अनावेदकगण, दयाराम ठाकुर और राधेश्याम ठाकुर ने उक्त रास्ते को अवरुद्ध कर दिया है। किसानों का कहना है कि उनकी गन्ने की फसल तैयार खड़ी है, लेकिन रास्ता बंद होने के कारण फसल खेत में ही सड़ने की नौबत आ रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि रास्ता बंद करने के अलावा, अनावेदकगण विवाद और झगड़े पर उतारू हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अनावेदकों की महिलाएं झूठे आरोप लगाकर गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी दे रही हैं। इससे किसानों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि उन्होंने 25 जून 2024 को भी कलेक्टर कार्यालय में जन सुनवाई के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद अब तक रास्ता खुलवाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर जल्द से जल्द रास्ता खुलवाया जाए ताकि वे अपनी गन्ने की फसल को समय पर खेत से निकाल सकें। किसानों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। यदि समय पर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



## कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने डाइट कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यहां छात्र-छात्राओं द्वारा गणित विषय के 14, विज्ञान विषय के 13, पर्यावरण विषय के 11 एवं सामाजिक विज्ञान विषय के 35 उत्कृष्ट मॉडल बनाये गये हैं। कलेक्टर ने इन मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित माध्यमिक विद्यालय के 97 एवं हाई स्कूल के 16 प्रतिभागियों द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुए। उन्होंने गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषय के मॉडल, मंचीय विद्या लघु नाटिका, सेमिनार लघु गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योजना अधिकारी जीके नायक ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट से अपने कैरियर को आगे बढ़ा सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।



## पंचायत कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को जिले में आउटसोर्स अस्थाई और अंशकालीन ग्राम पंचायत कर्मचारियों के संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल के नाम कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा। जिसमें ग्राम पंचायतों में कार्यरत चौकीदार, पंप ऑपरेटर, भृत्य और सफाईकर्मियों को न्यूनतम वेतन और नियमितिकरण की मांग की है। संयुक्त मोर्चा ने मांगपत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश की 23 हजार ग्राम पंचायतों में लाखों की संख्या में चौकीदार, भृत्य, पंप ऑपरेटर और सफाईकर्मी वर्षों से पंचायत विभाग के आदेश के तहत काम कर रहे हैं। इनमें से कई कर्मचारी 10, 15 या 20 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनके लिए कोई निश्चित वेतनमान निर्धारित नहीं किया गया है। वर्तमान में इन कर्मचारियों को मात्र 2,000 से 3,000 रुपये मासिक भुगतान किया जाता है, जो उनके परिवार का गुजारा चलाने के लिए पर्याप्त नहीं है। मांगपत्र में कहा गया है कि ये कर्मचारी पंचायत विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन करते हैं। नल-जल योजना का संचालन, पंचायत भवनों की देखरेख, सफाई और सुरक्षा जैसे काम इन्हीं के जिम्मे हैं। लेकिन वेतन भुगतान के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण ये कर्मचारी सरपंचों और सचिवों के भरोसे छोड़ दिए गए हैं। कई पंचायतों से यह शिकायतें भी आई हैं कि कर्मचारियों से निजी कार्य, जैसे खेतों में काम और घर की सफाई, कराई जाती है। कर्मचारियों की मांग इस प्रकार है। सभी चैकीदार, पंप ऑपरेटर, भृत्य और सफाई कर्मियों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत निर्धारित वेतन दिया जाए। इन कर्मचारियों को नियमित कर पंचायत विभाग के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के रूप में मान्यता दी जाए। कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उनके परिवार को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। संयुक्त मोर्चा का कहना है कि यदि इन मांगों पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।



## नपा ने हटाया मुख्य मार्ग से अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर पालिका द्वारा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि नगर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण कर व्यवसाय को लेकर जागरूक युवाओं द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था जिस पर कार्रवाई करते हुये नगरपालिका प्रशासन ने एवं अन्य अधिकारियों द्वारा मुख्य मार्गो को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया । ज्ञापन मे बताया गया था कि मुख्य मार्ग पर ठेला लगाकर व्यापार किया जाता और भद्दी टिप्पणी भी की जाती है। ज्ञापन के बाद प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुये अतिक्रमण मुक्त कराकर दुकानदारों को इतवारा बाजार में ही दुकान लगाने के लिये निर्देश दिये।



## अवैध शराब की तस्करी में लिप्त 3 तस्करों से दो चार पहिया वाहन एवं 10 पेटी अवैध देशी शराब जप्त

**तेंदूखेड़ा।** जिले में जुआ सट्टा अवैध मादक पदार्थ के ब्यापार अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने गुण्डे बदमाशों की धरपकड अपराध तथा अपराधियों पर पूर्णतः नियंत्रण हेतु नरसिंहपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है।इसी सिलसिले में तेन्दूखेडा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये एन एच 45 पर ग्राम गुटोरी प्रतीक्षायल के पास पुलिस टीम द्वारा मारूती इको कार क्रमांक एम पी 20 जेड पी 2024 को रोकने का प्रयास करने पर कार चालक भागने का प्रयास करने लगा पुलिस टीम द्वारा कार का पीछा कर उसे रोका गया पूछताछ पर कार चालक ने अपना नाम नाम नरेश पिता इन्दर सिंह ठाकुर उम्र 30 साल निवासी ग्राम हथनी एवं बगल में बैठा व्यक्ति ने अपना नाम सतीश पिता रोहित ठाकुर उम्र 23 साल निवासी ग्राम गंगई थाना तेन्दूखेडा का बताया कार की तलाशी लेने पर कार में रखी 10 पेटी देशी शराब पायी गयी। उक्त दोनों आरोपियों से 10 पेटी अवैध देशी शराब एवं कार जप्त की गयी है। अवैध शराब की तस्करी में लिप्त आरोपियों को गिरफ्त में लेकर गहनता सू पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि राकेश सिंह उर्फ राहुल सिंह पिता रूपसिंह ठाकुर, उम्र 31 साल निवासी ग्राम खमरिया थाना तारादेही जिला दमोह हाल ग्राम सारसडोल थाना सुआतला जिला नरसिंहपुर द्वारा अपनी सेन्ट्रो कार क्रमांक एम पी 20 सी ए 2152 में लाकर देना बताया आरोपियों से प्राप्त जानकारी पर राकेश सिंह कार सहित गिरफ्तार किया गया। अवैध शराब की तस्करी में लिप्त उक्त तीनों आरोपियों के विरूद्ध थाना तेन्दूखेडा में अपराध क्रमांक 12/25 धारा 34 (2) 41 42 आबकारी अधिनियम का कायम किया गया है।उक्त कार्यवाही में नगर निरीक्षक बलवीर सिंह चौधरी उपनिरीक्षक संजय सूर्यवंशी आरक्षक कर्मवीर सिंह संजय ठाकुर नारायण मरावी अवधेश कुमार लोधी की मुख्य भूमिका रही है।



## गड्ढों में तब्दील हुआ ग्राम गर्रा पहुंच मार्ग, मुश्किल हुआ आवागमन



**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से ओबीसी रोड से गर्रा गांव तक डामरीकरण सड़क का निर्माण दूसरी बार होने के बाद भी गड्ढों में तब्दील हो गया है।कई स्थलों पर गड्ढे इतने अधिक हो गए है कि वहां से वाहन निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं कुछ हिस्से में गड्ढो में मिट्टी डाल देने से बारिश के कारण ऐसे स्थल खतरनाक हो गए हैं, क्योंकि पीली मिट्टी डामरीकरण सड़क पर दलदल बन कर फैल जाने से दो पहिया वाहन फिसलने का डर बना रहता है। इस सड़क की हालत खराब हो जाने से गर्रा गांव से आने वाले लोगों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उनका कहना है कि उनके गांव के लोगों को सड़क सुख का लाभ ही अर्जित नहीं हो रहा है और यह मार्ग खराब हो रहा है। इसी मार्ग पर तीन वेयर हाउस बन जाने के कारण अनाज से भरे वाहन यहां से आते जाते रहते हैं। विभाग उक्त हिस्से की खराब हुई सड़क को गारंटी का समय शेष रहने के कारण जल्द ही दुरुस्त कराने की दिशा में कदम उठाए।

## दुकानदारों के द्वारा चिल्लर ना लेना परेशानी का कारण



**गोटेगांव।** नगर में प्रायःदेखा जा रहा है की भारत सरकार की मुद्रा एक रूपया और दो रुपया के सिक्कों को व्यापारी लेने से मना करते हैं जबकि यह चलन से बाहर नहीं हैं तो फिर लोग एक और दो रुपयों के सिक्के लेने से मना क्यों करते हैं यह विषय समूचे नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।आखिर सरकार में बैठे नुमाइंदे और जन प्रतिनिधि इस और ध्यान क्यों नहीं देते।अब तो देखने में आ रहा है की एक रूपया और दो रुपयों के सिक्के लेने से भिखारी भी मना करने लगे हैं।आखिर माजरा क्या है।लोगों में यह धारणा बन गई है कि ये सिक्के बंद हो गए हैं जबकि ऐसा नहीं है। महानगरों सहित सभी जगह चिल्लर चलन में बनी है।मगर गोटेगांव क्षेत्र में लोगों की ऐसी क्या सोच बन गई है की वो ये सिक्के नहीं लेते हैं खासकर बड़े व्यापारी वर्ग इन सिक्कों को लेने से मना करते हैं।शासन इस ओर शीघ्र ही ध्यान दें।अगर दुकानदार इन सिक्कों को नहीं लेता है तो उसके ऊपर भारतीय मुद्रा अपमान अधिनियम के तहत कार्यवाही होना चाहिए।ये सिक्के चलन में हैं।भारतीय दण्ड संहिता की धारा 489ए से 489ई के तहत नोट या सिक्के का जाली मुद्रण, जाली नोट या सिक्के चलाना और सही सिक्कों को लेने से मना करना अपराध है. इन धाराओं के तहत न्यायालय द्वारा आर्थिक जुर्माना,सजा या दोनों का प्रावधान है।बहरहाल एक दो रुपए के सिक्के ना लेने पर शासन स्तर पर इस और शीघ्र ही ध्यान देने की जरूरत है।

**इनका कहना है**

यह बात आपके माध्यम से मेरे संदर्भ में लाई गई है हम विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे, चिल्लर अभी चल रही है और कोई भी लेने से मना नहीं कर सकता। हम अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को सूचित भी करेंगे।

**श्रीमती देवती परते**
**अनुविभागीय अधिकारी गोटेगांव**